देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 05.05.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने आज बदरीनाथ और केदारनाथ धाम के दर्शन किए, कहा– प्रदेश सरकार श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम बनाने के लिए प्रयासरत है।
- प्रदेश में चारधाम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह, अबतक एक लाख अस्सी हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने किए दर्शन।
- स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दून मेडिकल कॉलेज के विकास और बेहतर संचालन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।
- मौसम विभाग ने आज प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बारिश, ओलावृष्टि व आंधी की चेतावनी जारी की है।

राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत) ने आज बदरीनाथ और केदारनाथ धाम के दर्शन किए। बाबा केदारनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक के दौरान राज्यपाल ने विश्व में शांति, लोगों के कल्याण, उत्तराखंड की प्रगति और मानवता की खुशहाली की प्रार्थना की। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि इस संसार में शिव भक्त से बड़ा कोई नहीं है। केदारघाटी के कण–कण में भगवान शिव विराजमान हैं। उन्होंने कहा कि केदारघाटी के पहाड़ों में भगवान शिव की छवि स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। इस दिव्य भूमि पर पैर रखते ही मन ध्यानमग्न हो जाता है।

इस बीच, राज्यपाल ने केदारनाथ धाम में चल रहे पुनर्निर्माण और विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया। राज्यपाल ने यात्रा मार्ग पर चिकित्सा व्यवस्था, सुरक्षा और अन्य जन सुविधाओं की सराहना की और जिला प्रशासन और मंदिर समिति के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सभी पूरी निष्ठा से सेवा करें, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। इस दौरान जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि प्रशासन व पुलिस पूरी सजगता से कार्य कर रहे हैं तथा यात्रा के दौरान किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

चारधाम यात्रा

प्रदेश में चारधाम यात्रा सुचारु रूप से जारी है। दर्शन को आए सभी श्रद्धालु यात्रा व्यवस्थाओं से अत्यंत प्रसन्न नजर आ रहे हैं। तीर्थयात्रियों का कहना है कि मंदिर परिसर और यात्रा मार्ग पर सरकार की ओर से की गई व्यवस्थाओं से वे संतुष्ट हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड सरकार प्रत्येक श्रद्धालु को चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धा, सुविधा और सुरक्षा का संपूर्ण अनुभव देने के लिये प्रतिबद्ध है। शासन–प्रशासन की ओर से व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी और सुधार की प्रक्रिया भी जारी है, ताकि यह पवित्र यात्रा सभी के लिए यादगार और सुगम बनी रहे।

श्रद्धालु आंकड़ा

इस बीच, चारधाम यात्रा के लिये उत्तराखंड पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा एक लाख अस्सी हजार पार पहुंच गया है। तीस अप्रैल को गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ शुरू हुई पवित्र तीर्थयात्रा में कल शाम साढे सात बजे तक एक लाख तिरासी हजार दो सौ बारह श्रद्धालुओं ने दर्शन और पूजा–अर्चना की।

दो मई को केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के बाद सिर्फ दो दिन में करीब अस्सी हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन किये हैं। वहीं, बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के अवसर पर कल पहले ही दिन तेईस हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पूजा–अर्चना की। उधर, उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के लिये भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। इन दोनों धामों में अब तक लगभग अस्सी हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन किये हैं।

दून मेडिकल कॉलेज

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दून मेडिकल कॉलेज के विकास और बेहतर संचालन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। दून मेडिकल कॉलेज की समीक्षा बैठक में डॉ. रावत ने कॉलेज की शैक्षणिक गुणवत्ता, चिकित्सा सुविधाओं, बुनियादी ढांचे और प्रशासनिक व्यवस्थाओं के बारे में अधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को मेडिकल कॉलेज की सेवाओं को और मजबूत करने, छात्रों के लिए बेहतर शैक्षणिक माहौल सुनिश्चित करने और मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

ग्राम्य विकास मंत्री

ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी विधानसभा क्षेत्र में पीएमजीएसवाई के अंतर्गत निर्माणाधीन मोटर मार्ग सहस्त्रधारा से सरोना तथा सुवाखोली से सरोना मोटर मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान श्री जोशी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में उच्च गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

और कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा दीवारों के निर्माण को लेकर उन्होंने विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

निरीक्षण

हल्द्वानी के उप जिलाधिकारी राहुल शाह ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ कलसिया नाला का निरीक्षण कर मानसून से पहले की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि नाले के चैनलाइजेशन का 25 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। उप जिलाधिकारी ने शेष कार्यों को आगामी 15 दिनों के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

कार्रवाई

भ्रूण लिंग जांच पर रोक और अल्ट्रासाउंड के दुरुपयोग को लेकर देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने एक बड़ा कदम उठाया है। पीसीपीएनडीटी सलाहकार समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा, "अब लिंग परीक्षण जैसी गैरकानूनी गतिविधियों पर सिर्फ चेतावनी नहीं, सीधे कार्रवाई की जाएगी।"

बैठक में यह भी तय किया गया कि जो अल्ट्रासाउंड केंद्र बिना पंजीकरण संचालित हो रहे हैं, उनकी मान्यता बिना किसी पूर्व सूचना के रद्द कर दी जाएगी। श्री बंसल ने केंद्र संचालकों को चेतावनी दी कि यदि समय पर नवीनीकरण आवेदन नहीं किया गया तो उनका लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा।

मौसम

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज बारिश, ओलावृष्टि और आंधी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज और कल प्रदेश के अनेक हिस्सों में बारिश की संभावना है। इस दौरान कहीं–कहीं गरज के साथ ओलावृष्टि और आंधी की चेतावनी भी जारी की गई है। इस बीच, मौसम विभाग के ताज़ा बुलेटिन के अनुसार, सात और आठ मई को उत्तरकाशी जिले में भारी बारिश ओलावृष्टि और भारी हिमपात का रेड अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर में भी भारी बारिश और हिमपात का अनुमान है।

मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर सभी जिला प्रशासनों को आवश्यक सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही आम लोगों को भी सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।